भारत सरकार

परमाणु ऊर्जा विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 3854

जिसका उत्तर दिनांक 11.08.2021 को दिया जाना है

परमाणु ऊर्जा में निवेश

3854. श्रीमती लॉकेट चटर्जी :

क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) विगत पांच वर्षों के दौरान देश में परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में निवेश में वृद्धि का ब्यौरा क्या है; और

(ख) विभाग द्वारा प्रस्तावित नए परमाणु रिएक्टरों की संख्या कितनी है ?

उत्तर

राज्य मंत्री, कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन तथा प्रधान मंत्री कार्यालय (डॉ. जितेन्द्र सिंह) :

(क) पिछले पांच वर्षों में, सरकार ने न्यूक्लियर पावर कारपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनपीसीआईएल) द्वारा क्रियान्वित की जा रही नई नाभिकीय विद्युत परियोजनाओं के लिए प्रशासनिक अनुमोदन और वित्तीय मंजूरी प्रदान कर दी है जिसके लिए रुपए 1,54,621 करोड़ का निवेश शामिल है ।

(ख) वर्तमान में, 21 नए नाभिकीय विद्युत रिएक्टर निर्माणाधीन/मंजूरी संस्वीकृत [भाविनी द्वारा क्रियान्वित किए जा रहे प्रोटोटाइप द्रुत प्रजनक रिएक्टर (पीएफबीआर) सहित] हैं । इनमें से एक रिएक्टर केएपीपी-3 जनवरी 2021 को ग्रिड से जोड़ दिया गया है । भविष्य में अधिक नाभिकीय विद्युत रिएक्टर स्थापित करने की योजना है ।

* * * * *